राजस्थान सरकार

निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

''वित्त भवन'' जनपथ, जयपुर–302015

(दूरभाष 0141–2740735, फैक्स 0141–2742309, ई–मेल jdp-ta-rj@nic.in)

क्रमांकः– एफ.3 (ख) (ए–82आर/94)/अलेसे–II/ 639 दिनांक :– 08.08.2022

# आदेश

परियोजना निदेशक, राजस्थान कृषि प्रतिस्पर्धात्मक परियोजना, जयपुर के आदेश क्रमांक 8657–76 दिनांक 25.03.2021 के द्वारा श्री मनोहर लाल सैनी, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II को दिनांक 31.03.2021 को मध्यान्ह् पश्चात् निदेशालय के लिये कार्यमुक्त किये जाने के कारण श्री सैनी ने निदेशालय में दिनांक 01.04.2021 को आदेशो की प्रतीक्षा में उपस्थिति प्रस्तुत की। निदेशालय के आदेश क्रमांक 16 दिनांक 06.04.2021 (आदेश संख्या 05/2020–21) द्वारा श्री सैनी का पदस्थापन आदेशों की प्रतीक्षा से कार्यकारी निदेशक, राजस्थान पेयजल, सीवरेज एवं आधारभूत कॉरपोरेशन लि., (रूडसिको), जयपुर में किया गया। श्री मनोहर लाल सैनी ने विभागीय आदेश दिनांक 06.04.2021 के संबंध में दिनांक 26.04.2021 को रूडसिको में मध्यान्ह पूर्व उपस्थिति प्रदान की। आदेशों की प्रतीक्षा अवधि (दिनांक 01.04.2021 से 06.04.2021 तक) के पश्चात् दिनांक 07.04.2021 से 23.04.2021 (दिनांक 24.04.2021 से 25.04.2021 का राजकीय अवकाश) तक अवकाश पर रहने के कारण श्री सैनी ने दिनांक 07.04.2021 से 23.04.2021 तक का उपार्जित अवकाश के लिये निदेशालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः कॉलम संख्या 2 में अंकित आदेशों की प्रतीक्षा अवधि को राजस्थान सेवा नियमों के नियम 7(8)(बी)(III) के अंतर्गत नियमित करते हुए एवं कॉलम संख्या 3 में अंकित अवधि का उपार्जित अवकाश स्वीकृति कर दिनांक 01.04.2021 से 25.04.2021 तक का वेतन कार्यकारी निदेशक, राजस्थान पेयजल, सीवरेज एवं आधारभूत कॉरपोरेशन (रूडसिको) जयपुर से वेतन आहरित करने की स्वीकृति एतद् द्वारा प्रदान की जाती है :–

| क्र.स. | आदेशों की प्रतीक्षा अवधि | उपार्जित अवकाश की अवधि (दिनों की संख्या) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1. | 01.04.2021 से 06.04.2021 (6 दिन) | 07.04.2021 से 23.04.2021 (17)<br>(कुल दिवस 17)<br>(24.04.2021 से 25.04.2021 राजकीय अवकाश) |

उक्त कॉलम संख्या 3 में अंकित उपार्जित अवकाश अवधि का इन्द्राज सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष द्वारा कार्मिक की सेवापुस्तिका में आवश्यक रूप से कराने के पश्चात् ही भुगतान किया जावे।

(भूपेश माथुर)
निदेशक एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव

क्रमांकः– एफ.3 (ख) (एम–355/94)/अलेसे–II/ 639 दिनांक :– 08.08.2022

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–**

1. परियोजना निदेशक, राजस्थान कृषि प्रतिस्पर्धात्मक परियोजना, जयपुर।
2. कार्यकारी निदेशक, राजस्थान पेयजल, सीवरेज एवं आधारभूत कॉरपोरेशन लि., (रूडसिको), जयपुर
3. उपनिदेशक (एसीपी) को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
4. श्री मनोहर लाल सैनी, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II, कार्यालय राजस्थान पेयजल, सीवरेज एवं आधारभूत कॉरपोरेशन लिमिटेड (रूडसिको) जयपुर को प्रेषित कर भविष्य के लिये हिदायत दी जाती है कि वे बिना परमीशन के मुख्यालय नहीं छोडा करें।

(धीरज सिसोदिया)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–II)